# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में" वृहद वृक्षारोपण अभियान एंव प्लास्टिक को ना कहें जनजागरुकता अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया।**

आज दिनांक 12.07.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में" वृहद वृक्षारोपण अभियान एंव प्लास्टिक को ना कहें जनजागरुकता अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक लाईन व रिजर्व पुलिस लाईन एवं शाखा के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस जनहितकारी अभियान को सफल बनाया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में "वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026" के तहत जनपद के समस्त थानों एवं चौकियों पर पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प।**

आज दिनांक 12.07.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में "वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026" के तहत जनपद के समस्त कार्यालयों व थानों एवं चौकियों पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने थाना एवं चौकी परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य हरित पर्यावरण को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा जनमानस को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने पौधे लगाकर स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में "वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026" के तहत क्षेत्रादिकारी शोहरतगढ़ द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर पौधरोपण किया गया।**

आज दिनांक 12.07.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में "वृहद वृक्षारोपण अभियान-2026" के तहत क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य हरित पर्यावरण को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा जनमानस को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- पेड़रिया जीत में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर चौपाल में महिलाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थानाक्षेत्र त्रिलोकपुर के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम- पेड़रिया जीत में जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.रि0म0 आ0 हिना अंसारी
2.रि0म0 आ0 कुंजन सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना चिल्हिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम -सिसहनिया में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 12.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम -सिसहनिया की महिलाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं बहू बेटी सम्मेलन/जनचौपाल/यातायात जागरूकता लगाकर व महिलाओं व बच्चियों को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 लाल चंद यादव
2.का0 सुनील कुमार
3.रि0म0 का0 प्रतिमा
4.रि0म0का0शिल्पा

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भगवतपुर की छात्राओं/महिलाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भगवतपुर की छात्राओं/ महिलाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 रामदरश यादव

2.रि0म0आ0 बिन्दु निषाद

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिकौरा की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.07.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम पिकौरा की महिलाओं/ बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

2.हे0का0 संतोष कुमार

2.रि0म0आ0 लक्ष्मी

3.म0आ0दीपिका तिवारी

4.म0आ0प्रिंशु पाठक

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम-धोबहा की छात्राओं/महिलाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 12.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम-धोबहा की छात्राओं/महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का उदघोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन तथा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 45 बालिकाएं उपस्थित रही जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर, 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र, से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहे "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' की अवधारणा, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधान(कवच परियोजना), प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0शिवशंकर शर्मा

2.उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव

3.म0का मीरा रानी व म0का0 करिश्मा

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा "ऑपरेशन कवच" के तहत बढ़नी बार्डर पर SSB व ऑपरेशन कवच की टीम एवं ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ बैठक एवं गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा आज दिनांक 12.07.2026 को बढ़नी बार्डर पर SSB व ऑपरेशन कवच की टीम एवं ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों के साथ बैठक एवं गोष्ठी का आयोजन कर विस्तृत चर्चा की गयी , जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके सुझावों को नोट किया गया। समितियों से अपराध एवं अपराधियों के संबंध में सूचनाएं साझा करने का आग्रह किया गया, ताकि बार्डर पर तस्करी व अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस जनता के सहयोग से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण स्थापित करने के लिए कटिबद्ध है। जनता से अपील है कि वे पुलिस का यथा सम्भव सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस स्टेशन या चौकी बढ़नी को दें।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा यूपी होमगार्डस इनरोलमेंट-2025 के अभिलेख संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण स्थल पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया।**

आज दिनांक 12.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन परिसर में संचालित यूपी होमगार्डस इनरोलमेंट-2025 के अंतर्गत अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख संवीक्षा काउंटर, माप-तौल स्थल, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं होमगार्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मर्यादित तरीके से सम्पन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कस्बा बढ़नी में पैदल गश्त /फ्लैग मार्च किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ मय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा बढ़नी में पैदल गस्त/फ्लैग मार्च किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा 38 लीटर डीजल व 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त अन्तर्गत धारा 11 कस्टम अधिनियम में गिरफ्तार कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु के नेतृत्व में आज दिनांक 12.07.2026 को चौकी प्रभारी बजहा उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर मय टीम द्वारा कार्यवाही के क्रम मे तस्करी होने से रोकने के लिए धारा 11 कस्टम अधिनियम की कार्यवाही के अन्तर्गत 38 लीटर डीजल व 01 अदद मोटरसाइकिल (बजाज डिस्कवर वाहन संख्या UP56F4065) व 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण---
01.राम मिलन पुत्र रामनयन ग्राम रामनगर उर्फ मदरहना टोला मटियरिया थाना कपिलवस्तु जिला सिद्धार्थनगर।
बरामदगी का विवरण
A.डीजल (38 लीटर) व 01 अदद मोटरसाइकिल।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---
01.उपनिरीक्षक अनिरुद्ध सिंह चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मुख्य आरक्षी धर्मेंद्र चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी राहुल कुमार शर्मा चौकी बजहा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ मिशन शक्ति फेज 5.0(II) के तहत महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा 11 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया l

डॉ0 पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महोदय विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.07.2026 महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 11 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न 11 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक श्रीमती भाग्यवती पाण्डेय,व काउंसलिंग टीम मे महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, म0आ0 संगीता गौतम, महिला आरक्षी शिखा खरवार,महिला आरक्षी प्रगति राय, शिवानी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

निस्तारित पत्रावली का विवरण---
01-यासमीन पत्नी इरसाद साकिन रिविंदी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
02-विन्द्रवती पत्नी वींरेंद्र साकिन सडकुड़िया नानकार थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
03-राधिका पत्नी दिलीप साकिन गुड़ीला थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
04-मोहित पत्नी बेबी सा0 बहेरवा थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर।
05-नीलम पत्नी रामनिवास साकिन गुजरौलिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
06-ज्योति पत्नी फोटो गुप्ता साकिन कलनाखोर थाना खेसराहा जनपद सिद्धार्थनगर।
07-प्रियंका पत्नी सुग्रीव सा0 मधुकरपुर थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
08-लक्ष्मी पत्नी प्रेमचंद सा0 बरगदवा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
09-सावित्री पत्नी सर्वेश मिश्रा साकिन सोनवल थाना जोगिया जनपद सिद्धार्थनगर।
10-रानी पत्नी दिनेश सा0 जमुनी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।
11-खान मैनाज मुबारक अली पत्नी रईस आबू सईद खान साकिन कलवारी थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस टीम द्वारा पति- पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव को दूर कराकर परिवार को बिखरने से बचाया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष मोहाना जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 12.07.2026 थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा पति- पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव को दूर कराकर परिवार को बिखरने से बचाया गया। मिशन शक्ति काउसलिंग टीम में मिशन शक्ति टीम प्रभारी उ0नि0 सुनील सिंह, उ0 नि0 जयमाल सिंह, हे0का0 विनोद भारती, रिक्रूट महिला कांस्टेबल शशि यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थाना मिश्रौलिया साइबर सेल टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि 20000/- रुपये को MRM पोर्टल के माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आवेदक बृजेश पाण्डेय पुत्र रामाशंकर पाण्डेय साकिन धनगढवा थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था। जिस पर थाना मिश्रौलिया साइबर सेल टीम व बैंक के समन्वय से आवेदक बृजेश पाण्डेय उपरोक्त के फ्राड धनराशि 20000/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के खातें में वापस कराया गया।

सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण

01. मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
02. उ0नि0 श्याम कन्हैया दूबे साइबर प्रभारी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
03. का0 संतोष कुमार सिंह साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
04. का0 आशुतोष सिंह साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
05. का0 आकाश कुमार साइबर सेल थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर